INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM -II EXAM (2018-19)
SUBJECT: HINDI
CLASS - V

SET -B

Date of Exam: 14.03.2019

Time Allotted: 2 hours **Max.Marks: 40**

(Note : This question paper consists of 4 printed pages. Please check that you have all the pages.)

खंड -क (व्याकरण)

प्रश्न **1**) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : **(½×2 =1)**

क) प्रसन्न ख) संभव

प्रश्न **2**) निम्नलिखित विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए : **(½×2 =1)**

क) लंबा ख) अच्छा

प्रश्न **3**) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : **(½×2= 1)**

क) स्त्री ख) झील

प्रश्न **4**) निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए : **(1×2= 2)**

क) श्व ख) न्न

प्रश्न **5**) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : **(1×2 =2)**

क) लाभ　　　　　　　　　ख) प्रतीक

प्रश्न 6) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए : **(1×2= 2)**

क) शिष्टता　　　　　　　　　ख) भाग्यशाली

प्रश्न 7) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द लिखिए : **(1×2 =2)**

क) कुल　　　　　　　　　ख) सुर

प्रश्न 8) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए : **(½×4=2)**

क) फूला न समाना　　　　　　　　　ख) पीठ थपथपाना

ग) नौ-दो ग्यारह होना　　　　　　　　　घ) नाक में दम करना

प्रश्न 9) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए : **(½×4=2)**

क) प्रार्थना　　　　　　　　　ख) राज़

ग) शाखा　　　　　　　　　घ) बेकार

प्रश्न 10) निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर, उनके भेदों के नाम लिखिए : **(½×4 =2)**

क) स्वाती ने सुंदर चित्र बनाया।

ख) ऋषि को डबलरोटी के साथ जैम पसंद है।

ग) तेजस्विनी के मित्र कल उसका जन्मदिन मनाएँगे।

घ) कल बारिश अवश्य होगी।

खंड -ख (साहित्य)

प्रश्न 11) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : **(½×4 =2)**

क) निर्माण　　　　　ख) संस्कृति　　　　　ग) प्रवास　　　　　घ) स्वीकृति

प्रश्न 12) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए : **(1×2 = 2)**

क) आवश्यक ख) हाज़िरजवाब

प्रश्न 13) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **(½×4=2)**

क) इंदिरा गांधी नहर से ———— को बहुत लाभ पहुँचा।

ख) ———— के क्षेत्र में केरल सबसे आगे है।

ग) छह सौ रुपए भी कम नहीं होते ———— ।

घ) मरुभूमि के चारों ओर ———— होती है।

प्रश्न 14) एक वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×2 =2)**

क) तरबूज में कितने प्रतिशत पानी होता है ?

ख) बालक कौन-सा वाद्य-यंत्र बजाना चाहता है ?

प्रश्न 15) किसने, किससे कहा? **(1×3 = 3)**

क) "मुझे विश्वास नहीं हो रहा,आप कहते हैं तो......।"

ख) "हलक तो मेरो भी सूख्यो है।"

ग) "महाराज अपने सभासदों के साथ कभी शर्त नहीं लगाते।"

प्रश्न 16) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1×5 = 5)**

क) बच्चा बाँसुरी बजाकर किसे बुलाता है?

ख) राजस्थानी और उसकी पत्नी ने दम क्यों तोड़ दिया?

ग) दादाजी सुबह उठकर फिर से क्यों सो गए ?

घ) केरल में कौन-कौन से मसालों का उत्पादन होता है?

ङ) शर्त में दोनों तरफ से कौन कितने रुपए हारा?

खंड - ग (अपठित बोध)

प्रश्न 17) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1×4 = 4)**

पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। गांधी जी कहते थे "पुस्तकें केवल ज्ञान का खज़ाना ही नहीं होती ,यह हमारा मनोरंजन भी करती हैं।"पाठ्य पुस्तकों के अलावा धर्म, चित्रकला, जीवनी, सामान्य-ज्ञान और कल्पना लोक से संबंधित न जाने कितनी पुस्तकें लिखी गई हैं। पुस्तकों के पढ़ने से हमें जो जानकारी मिलती है, वह अन्य कहीं नहीं मिल सकती। बदलते युग में संचार साधनों; जैसे इंटरनेट, मोबाइल आदि के चलते यह माना जाने लगा है कि अब पुस्तकें पढ़नेवालों की संख्या लगातार कम हो रही है, लेकिन बाज़ार में आ रही नई-नई पुस्तकों की सूची इस बात को गलत साबित कर रही है।

प्रश्न: 1 पुस्तकों के बारे में गांधी जी ने क्या कहा?

प्रश्न: 2 मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र किसे कहा गया है ?

प्रश्न: 3 आजकल पुस्तक पढ़नेवालों की संख्या लगातार कम क्यों हो रही है ?

प्रश्न: 4 पुस्तक के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

खंड - घ (लेखन)

प्रश्न 18) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए (10 से 12 वाक्य) : **(3×1 = 3)**

क) जल ही जीवन है।

ख) टेलीविज़न के लाभ तथा हानियाँ

ग) हमारी राजधानी दिल्ली